शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

37.0⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### बिल्सी में भक्तों ने कराया भंडारा, उमड़ी भीड़

**बिल्सी।** शुक्रवार को मोहल्ला संख्या दो में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया। जिसका प्रसाद पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। अतुल वार्ष्णेय और आरती वार्ष्णेय ने भोलेनाथ के मंदिर में जाकर भोग लगाया। उसके बाद कन्याओं को सहभोज कराया गया। उसके बाद लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ममता शाक्य, विजय वार्ष्णेय, केके वार्ष्णेय, अरविंद वार्ष्णेय, शशि वार्ष्णेय, अनीता वार्ष्णेय, लवकुमार वार्ष्णेय, रामेश्वर शाक्य, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ के आरोपी युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बिल्सी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री 18 जून की सुबह घास लेने के लिए गई थी। गांव के अनुज और अशोक बाइक से पहुंच गए। दोनों उनकी पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगे। पुत्री के चिल्लाने पर परिवार का एक युवक यहां पहुंच गया। उसने पुत्री को बचाया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### महिला ने लगाया प्लॉट पर कब्जा करने का आरोप

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर शोहरा की एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर प्लाट पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए सीओ बिल्सी से शिकायत की है। पीड़िता इकराम ने पत्र में कहा कि उनके पति लतीफ ने एक प्लॉट का बैनामा कराया था। इसके बावजूद उनके गांव के कुछ दबंग प्लाट पर कब्जा कर रहे हैं।

# योग को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा तो शरीर हमेशा रहेगा निरोग

## जिले भर में मनाया गया योग दिवस, हजारों लोगों ने एक साथ किए योगासन, पुलिस लाइन में हुआ प्रमुख कार्यक्रम, शामिल हुए मंत्री, विधायक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस जनपद में मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग रंजन कुमार सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी के अलावा आमजन मौजूद रहे। उनके द्वारा योगासन किया गया।

राज्यमंत्री ने कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है। मन प्रसन्न रहता है। योग स्वयं एवं समाज के लिए हितकारी है। कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिला है। आज हम दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं यह भारतवासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि जो योग करता है वह निरोग रहता है। योग एक चिकित्सा व विज्ञान है। योग करने से शरीर में स्फूर्ति आती है।

नोडल अधिकारी व सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने कहा कि योग मानसिक व बौद्धिक विकास में सहायक होता है। प्रत्येक व्यक्ति को योग अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए व उसे अपने जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। योग करने से अनेकों प्रकार के रोगों से बचा जा सकता है।

वहीं इससे पूर्व योग प्रशिक्षक दातागंज सोनू पटेल, योग प्रशिक्षक नगर गुंजन, योग प्रशिक्षक होम्योपैथी दीक्षा व योग सहायक नगर करुणा सक्सेना ने योगासन कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनोज कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ राघवेंद्र मोहन सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

**न्यायालय और कारागार में मनाया गया योग दिवस:** **बदायूं:** शुक्रवार को न्यायालय परिसर व जिला कारागार में योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश सुयश प्रकाश श्रीवास्तव के साथ अन्य न्यायाधीशों व कर्मचारियों ने योग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। वहीं जिला कारागार में विधिक सचिव शिव कुमारी ने जेल अधीक्षक विनय कुमार, जेलर कुंवर रणंजय सिंह, कमल चन्द आदि के साथ योगासन किया, जिसमें कैदियों के द्वारा भी योग किया गया।


पुलिस परेड ग्राउंड में योगा करते डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी।


दातागंज में योग करते विधायक राजीव कुमार सिंह व अन्य। ● अमृत विचार



योग कार्यक्रम को संबोधित करते पर्यावरण मंत्री केपी मलिक।


योग करते न्यायाधीश सुयश प्रकाश श्रीवास्तव व अन्य।

### योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रम



**ककराला।** कस्बा स्थित नगर पालिका परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पालिकाध्यक्ष इंतखाब अहमद सकलैनी, ईओ संजीव मिश्रा, पालिका कर्मचारी शमशाद खां, शिवम माथुर, अफनान खान ने योग किया। वहीं शिवभोले धाम मंदिर में अनमोल शर्मा, मनोज, केशव, सुमित, पंकज गुप्ता ने योग किया व योग के आसनों और उनसे लाभ को जाना। इसके अलावा हिंदुस्तान मॉडर्न पब्लिक स्कूल में अध्यापकों और छात्रों ने योग किया। इस अवसर पर मुस्लिम खां, तौसीफ खां, जिम्मी मौजूद रहे।

### शिव मंदिर पर मनाया योग दिवस



**बिनावर।** कस्बा स्थित शिव मंदिर पर केशव शाखा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें देश दीपक सिंह, नरेन्द्र सिंह चौहान, संजीव गुप्ता, अजय गोयल, धीरेन्द्र सिंह, आदेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित रहकर योग किया।

### बच्चों के साथ शिक्षकों ने किया योग



**मुजरिया।** योग दिवस पर क्षेत्र के परिषदीय स्कूल मुजरिया, रफी नगर, रसूला धुरी नगला, बिचोला सहित कई विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ शिक्षकों और अभिभावकों ने योग का अभ्यास किया। कोल्हाई में अमृत सरोवर पर योग कार्यक्रम हुआ। जिसमें कुबेन्द्र सिंह, पप्पू शाक्य, एस सैलानी आदि मौजूद रहे।

### योग से शरीर रहता है स्वस्थ

**कुंवरगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष पति अरविंद कुमार संग अन्य लोगों ने योग किया। इस दौरान अरविंद कुमार ने कहा कि योग से हमारा शरीर व मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। इसका सभी को निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए। योग शरीर को लाभ प्रदान कराता है। इस मौके पर अजय सक्सेना, मंडल अध्यक्ष नौरंगपल, लिपिक नितिन सक्सेना, महेशचंद्र सहित नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे ।




### योग से मिलती है शांति, शरीर रहता है स्वस्थ

**दातागंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के दियोचरी आश्रम पर कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह ने योग के महत्व को समझाया। कहा कि योग हमारे जीवन में शांति, संतुलन और स्वास्थ्य लाता है। यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए कई लाभ प्रदान करता है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी केके तिवारी, अधिशासी अधिकारी हरीलाल पटेल आदि मौजूद रहे। आर्य समाज विद्यापीठ गुरुकुल में योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य राकेश शर्मा, कृष्णपाल यादव, ज्ञानपाल सिंह, रमाशंकर पाठक ने लोगों को योगासन कराया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विजय कुमार सिंह, ज्ञानपाल सिंह, राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सेहत के लिए योग आवश्यक: संघमित्रा मौर्य



**कछला।** गंगा घाट पर योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष डीसीबी उमेश राठौर, गंगा समग्र जिला संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष जगदीश लोनिया चौहान, ब्लॉक प्रमुख उझानी शिशुपाल सिंह शाक्य आदि ने योगाभ्यास किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि जिस तरह से जलवायु परिवर्तित हो रही है। हमें भविष्य में स्वस्थ रहने के लिए एक हाथ में जल और एक हाथ में ऑक्सीजन का सिलेंडर लेकर जीवन जीना पड़ेगा। अभी भी समय है अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें तथा योग को अपने जीवन में अपनाएं। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार ने छात्रों को दैनिक योग के अभ्यास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक तोमर ने किया। कार्यक्रम में केशव चैहान, विकास पटेल, मिथिलेश यादव, सचिन उपाध्याय, विकास पटेल, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय योग शिविर का समापन



**वजीरगंज।** भारत विकास परिषद व श्री मंगला माता शाखा के तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया। योग दिवस को लेकर तीन दिन से कार्यक्रम चल रहे थे, जिनका समापन हो गया। योग शिक्षक हरिओम वर्मा, शिक्षिका सुमन वर्मा ने योग की तरह-तरह की गतिविधियां कराईं तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योग शिविर में नेमपाल सिंह, सुग्रीव वार्ष्णेय, गुरुदेव शर्मा, अरुण शेखर, हेमलता शर्मा आदि मौजूद रहे।

### थानाध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों के साथ किया योग



**उसावां।** शुक्रवार को योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष मन बहादुर सिंह ने थाना स्टाफ के साथ योग किया। योगासन करने के उपरांत उनके द्वारा पुलिसकर्मियों को योग के महत्व से अवगत कराया।

### ब्लॉक मुख्यालय पर मनाया योग दिवस



**इस्लामनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य लोगों ने शुक्रवार को योग कर निरोग रहने का मंत्र लिया। सूर्योदय के साथ ही लोग योग करने विकासखंड मुख्यालय पहुंचे और सभी लोगों ने योगाभ्यास किया। जिसमें खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खान, एपीओ अनूप शर्मा, ऋषिकांत शर्मा, शशि शर्मा, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# योग शिविर में प्राकृतिक चिकित्सा के बताए लाभ

- प्रमोद इंटर कॉलेज में चल रहे आठ दिवसीय योग शिविर का समापन

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** प्रमोद इंटर कॉलेज में चल रहे आठ दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग व प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इस मौके पर साधकों को विभिन्न योगासन कराये गये। शिविर में प्राकृतिक चिकित्सा में नेति, रबर नेति, धौति, कुंजल, वस्ति, रीढ़ स्नान, मिट्टी लेप, पूर्ण वाष्प स्नान, मसाज गीली चादर लपेट, एक्यूप्रेशर, मर्म चिकित्सा, फिजियोथैरेपी आदि उपचार किये गये।

समग्र विकास सेवाश्रम के तत्वावधान में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आरंभ सहयोग शिक्षक हरी भगवान गुप्ता व अभिषेक वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सहयोग शिक्षक हरि भगवान गुप्ता इस्लामनगर ने साधकों को शीर्षासन, वकासन आदि कराते हुए उससे होने वाले लाभों के बारे विस्तार से चर्चा की। योग विशेषज्ञ व प्राकृतिक चिकित्सक सविता ने महिलाओं के लिये विशेष योगासन कराते हुए कहा इन आसनों को नियमित से करने से कमर का दर्द दूर होता है। मेरूदंड मजबूत होता है। डॉ. अमोल गुप्ता, दीक्षा माहेश्वरी ने योग के सन्दर्भ में विचार रखे। प्राकृतिक चिकित्सा में लता प्रकाश व हर्षित ने साधकों को नेति, रबर नेति, धौति, कुंजल, गर्म ठंडा कटि स्नान, लपेट आदि उपचार कराये। सायंकालीन सत्र में ईशू मालपाणि व प्रतिज्ञा, सुवर्णा ने साधकों का वैज्ञानिक मालिश, लोकल स्टीम, सुजोग, एक्यूप्रेशर, पोटली मसाज व अन्य पूरक विधियों से उपचार किया। आचार्य प्रेम स्वरूप ने शिविर में सभी आगन्तुकों व योग साधकों का आभार व्यक्त किया। शिविर का आज आठवें दिन समापन हो गया। शिविर में सेजल, सौरभ, कुल दीपक, सोमेश असावा, दिव्य प्रताप, उत्कर्ष, प्रकाश, लक्ष्य, नवनीत, सुशील चाँडक, लक्ष्य आदि का विशेष सहयोग रहा।


प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में योग करते साधक। ● अमृत विचार

## भंडारे के साथ गुधनी में यज्ञ महोत्सव संपन्न

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी में चल रहे यज्ञ महोत्सव का विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। भंडारे में पूर्व राज्यमंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल और चेयरमेन ज्ञानवती सागर ने भी प्रसाद ग्रहण किया। आर्य समाज गुधनी के आचार्य संजीव रूप के निर्देशन में निरंतर राष्ट्र का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, अनुज वार्ष्णेय, किरन मई, अरुणा रानी, वैद्य विशाल जौहरी, संजीव गुप्ता, वीरेंद्र लीडर, योगाचार्य गिरधारी सिंह, शशि आर्य, रक्षा सक्सेना, अगरपाल सिंह, आचार्य मनोज शास्त्री, सुनील रामा आदि का सहयोग रहा।

# स्टेट बैंक कर्मियों ने लगाया ध्यान

कार्यालय संवाददता ,बदायूं

**अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में हार्टफुलनेस संस्था की ओर से तीन दिवसीय ध्यान शिविर का समापन हुआ। तीनों दिवसों में बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा ध्यान का अभ्यास करते हुए रिलेक्शेसन से स्वयं को स्फूर्तिवान बनाना सीखा। गाइडेड सफाई के अभ्यास से हृदय का निर्मलीकरण करने की कला और गाइड प्रार्थना द्वारा अपने आंतरिक स्व से जोड़ने का सरल अभ्यास सीखा। आयुष विभाग के प्रशिक्षक रमेश त्रिवेदी कुछ आसनों और प्राणायाम के अभ्यास पर व्यावहारिक चर्चा के साथ साथ उनके अभ्यास से होने वाले लाभों पर भी प्रकाश डालते हुए अभ्यास कराया। इस अवसर पर मुख्य शाखा प्रबंधक पीपी सिन्हा द्वारा सभी उपस्थित स्टाफ को ध्यान के नियमित अभ्यास से कार्यक्षमता में वृद्धि होना और तनावमुक्त जीवन जीने का मंत्र भी दिया। इस अवसर पर हार्टफुलनेस के क्षेत्रीय समन्वयक अनुज सक्सेना, प्रशिक्षक लखन सिंह आदि उपस्थित रहे।


शिविर में ध्यान करते स्टेट बैंक कर्मचारी। ● अमृत विचार


बिल्सी के ज्वाला प्रसाद जैन कॉलेज में योग करते लोग। ● अमृत विचार

### पालिका अध्यक्ष ने किया योग

**बिल्सी।** कस्बा स्थित ज्वाला प्रसाद जैन कॉलेज में योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश सागर ने भाजपा पदाधिकारियों विवेक राठी, नवनीत शाक्य, मोहित गुप्ता, गगन राठी आदि के साथ योग किया। साथ ही उसके महत्व से अवगत कराया।

### हनुमान मंदिर पर किया पौधारोपण

**बदायूं।** अरिहन्त वृक्षारोपण समिति के उपाध्यक्ष अफ्फान खान राजपूत के नेतृत्व में कुरऊ रोड स्थित हनुमान मंदिर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अफ्फान खान राजपूत ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। प्राकृतिक वातावरण पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व में एक बड़ी भूमिका निभाता है और यह पृथ्वी पर प्राणियों को उनके स्वाभाविक रूप से विकसित होने में काफी सहायक है। इस मौके पर ज़िलाअध्यक्ष विवान यदुवंशी, उपाध्यक्ष अफान खान राजपूत, महामंत्री विक्रम कठेरिया, मंत्री सुरेंद्र गौतम आदि लोग मौजूद रहे।


पौधारोपण करते अफ्फान खान व अन्य।

# शिक्षण संस्थानों और संगठनों ने मनाया योग दिवस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** दशम योग दिवस पर शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों के द्वारा भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय संयोजक एडवोकेट मोहम्मद शीराज आलम ने कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक योग किया। इस मौके पर अजमत पीरजी, अनस फय्याज, आसिम फय्याज, फैजान, शादाब, सालिम खान, फिरासत शाह, नईम आदि उपस्थित रहे। ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सौरभ शर्मा, सानिया एवं संजीव ने बच्चों और शिक्षकों ने योग का महत्व बताया। इस मौके पर स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता व श्वेता मेंहदीरत्ता आदि रहे। अटल विचार मंच के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने योग किया। कार्यक्रम में डॉ. पंकज सिंह, अजय शर्मा, रंजना रानी, संजीव आदि रहे।


बच्चों के साथ योग करते मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारी।


योगा करती रंजना रानी।


दीप प्रज्ज्वलित करते आर्ट ऑफ लिविंग के पदाधिकारी।

### योग से निरोग होती है काया



**विजय नगला।** गांव ढकिया स्थित चौधरी महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में प्रबंधक डॉ. ओमवीर सिंह चौहान के सानिध्य में कॉलेज प्राचार्य पीके सिंगल, शिक्षक व छात्राओं ने योग किया। साथ ही योग के फायदे भी बताए। इस मौके पर घनेंद्र पाल सिंह, बूटा सिंह, दिनेश यादव, मुनेंद्र मौर्य, मुनीश यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दीवार गिरने से घायल किसान की मौत

**बदायूं।** बुधवार रात आई तेज आंधी के दौरान थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव हेमपुर किसान रामकुमार पुत्र भूपाल खेत पर बने कच्चे मकान की दीवार गिरने से वह मलबा में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें रुदायन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे। हालत गंभीर होने पर उन्हें चंदौसी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गुरुवार को किसान की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

### खनन अधिकारी ने सीज किए चार ट्रैक्टर ट्रॉली

**मुजरिया।** गुरुवार की रात थाने से चंद कदम की दूरी पर जेसीबी से मिट्टी ट्राली में भरी जा रही थी। शुक्रवार सुबह इसकी सूचना किसी ने खनन अधिकारी को दे दी। जिस पर खनन अधिकारी सुबह चार बजे मौके पर पहुंच गए। खनन अधिकारी ने पुलिस की मदद से मिट्टी भर रहे चार ट्रैक्टर ट्राली पकड़ लिए जबकि जेसीबी को चालक लेकर भाग गया। खनन अधिकारी बृज विहारी ने चारों ट्रैक्टर ट्राली को थाने लाकर सीज कर दिया। इसकी रिपोर्ट एसडीएम को भेजी है।

### आज 9 से 11 बजे तक बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**बदायूं।** कलेक्ट्रेट स्थित 33 केवी लाइन का सुदृढ़ीकरण का कार्य 22 जून को किया जाएगा। इसके चलते कलेक्ट्रेट ऑफिस, थाना सिविल लाइन, चित्रांश नगर, गांधी नगर, सम्राट अशोक नगर, आवास विकास, नगला शर्की, शिव कॉलोनी, माल गोदाम रोड, प्रगति विहार, मधुवन कॉलोनी, मिशन कंपाउंड, जवाहरपुरी, ब्राह्मपुर, पटियाली सराय, महिला अस्पताल, मंडी समिति, छैः सड़का चौराहा, डीएम, आवास रोड, आरिफपुर नवादा व ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह नौ बजे से 11 बजे तक बंद रहेगी।

# ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की जरूरत फिर भी खातों में डंप पड़े 17.37 करोड़ रुपये

## ग्राम पंचायतों में तमाम अव्यवस्थाएं होने के बाद भी खर्च नहीं की धनराशि

प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचारः** क्षेत्र पंचायतों की ओर से विकास कार्यों को कराए जाने के लिए शासन से आवंटित 17.37 करोड़ से अधिक की धनराशि खातों में डंप पड़ी है। हालात यह हैं कि दो ब्लॉकों समरेर और उसावां में एक रुपया भी खर्च नहीं किया गया है। यह धनराशि गुजरे वित्तीय वर्ष में ब्लॉकों के खातों में केंद्रीय वित्त आयोग की मद से भेजी गई थी। बजट उपलब्ध होते हुए इसे जनता के हित में खर्च नहीं किया गया। जबकि ग्राम पंचायतों में तमाम अव्यवस्थाएं हावी हैं। जनप्रतिनिधियों के साथ साथ ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी कार्य योजना बनाने में विफल रहे। जिससे धनराशि का सदुपयोग नहीं हो सका।

क्षेत्र पंचायतों को भी गांवों के विकास के लिए भारी मात्रा में धनराशि पंचायती राज विभाग की ओर से दी जाती है। केंद्रीय वित्त आयोग की मद में जिले के 15 विकास खंडों को 22 करोड़ 88 लाख 81 हजार 41 रुपये प्राप्त हुए थे। यह धनराशि गुजरे वित्तीय वर्ष के दौरान ब्लॉकों के खातों में भेजी गई। इसमें मात्र 5 करोड़ 50 लाख 86 हजार 124 धनराशि को ही खर्च किया गया। शेष धनराशि 17 करोड़ 37 लाख 94 हजार 917 धनराशि ब्लॉकों के खातों में डंप पड़ी है। ब्लॉक समरेर में एक करोड़ 80 लाख 43 हजार 578 और उसावां ब्लॉक को 97 लाख 37 रुपए मिली थी। इसमें एक धेला भी खर्च नहीं किया गया। क्षेत्र पंचायतों के जिम्मेदारों द्वारा क्षेत्र में तमाम समस्याएं होने के बाद भी धनराशि को खर्च नहीं किया गया।

| विकास खंड | मिली धनराशि | खर्च | शेष |
|---|---|---|---|
| अंबियापुर | 1,49,31,212 | 6,08,963 | 1,43,22,249 |
| आसफपुर | 1,30,79,952 | 26,77,362 | 1,04,02,590 |
| बिसौली | 2,65,47,422 | 23,40,768 | 2,42,06,654 |
| दहगवां | 1,50,35,257 | 48,59,313 | 1,01,75,944 |
| दातागंज | 2,34,89,849 | 10,10,937 | 2,24,78,912 |
| इस्लामनगर | 89,26,499 | 17,91,017 | 71,35,482 |
| जगत | 1,60,85,387 | 73,17,513 | 87,67,874 |
| म्याऊं | 1,02,63,079 | 28,70,284 | 73,92,795 |
| कादरचौक | 1,04,14,173 | 78,95,952 | 25,18,221 |
| सहसवान | 2,19,35,120 | 52,79,820 | 1,66,55,300 |
| सालारपुर | 1,13,23,886 | 67,55,877 | 45,68,009 |
| समरेर | 1,80,43,578 | 00 | 1,80,43,578 |
| उझानी | 1,51,32,746 | 57,50,143 | 93,82,603 |
| उसावां | 97,00,037 | 00 | 97,00,037 |
| वजीरगंज | 1,39,72,844 | 59,28,175 | 80,44,669 |

### कागजों तक सीमित रह गई वार्षिक कार्य योजना

15वें केंद्रीय वित्त आयोग की मद धनराशि प्राप्त होने के बाद क्षेत्र पंचायतों के द्वारा विकास कार्य कराने के लिए वार्षिक कार्य योजना तैयार करनी होती है। जिसे वेबसाइट पर भी अपलोड करना होता है। बजट मिलने के बाद ब्लॉकों पर बैठक कर विकास कार्य का खाका तो खींचा गया था। वार्षिक कार्य योजना को तैयार कर अपलोड भी कर दिया गया। परंतु जिम्मेदारों द्वारा कोई विकास कार्य नहीं कराया। कार्य योजना कागजों तक सीमित होकर रह गई। अब डंप पड़ी धनराशि इस वित्तीय वर्ष के कामों में खर्च करने के लिए समावेश की गई है।

- **दो क्षेत्र पंचायतों समरेर और उसावां में खर्च नहीं हुआ एक धेला**
- **15वें वित्त आयोग से गुजरे वित्त वर्ष में ब्लॉकों को आवंटित हुआ था बजट**

### इन कार्यों पर खर्च होती है धनराशि

- ग्राम विकास के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन, मूल्यांकन व अनुश्रवण।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन।
- बीज केंद्र का संचालन।
- सम्पत्तियों के रख-रखाव का दायित्व।
- विपणन, गोदामों का पर्यवेक्षण।
- पशु चिकित्सालय का स्वामित्व।
- एक से अधिक ग्राम पंचायतों को आच्छादित करने वाले कार्य।

क्षेत्र पंचायत में जो धनराशि शेष बची है। उसे इस वित्तीय वर्ष में समायोजित कर किया गया है। रिपोर्ट लेकर कार्ययोजना तैयार करने को कहा जाएगा। जिससे धनराशि खर्च हो सके तथा क्षेत्र में विकास कार्य प्रभावित न हो।

**-मनोज कुमार**, जिलाधिकारी

वित्तीय वर्ष में क्षेत्र पंचायतों को 15वें केंद्रीय वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग से बजट मिलता है। शेष धनराशि केंद्रीय वित्त की होगी। इसके लिए मुख्य विकास मुख्य विकास अधिकारी और डीपीआरओ को पत्र जारी कर स्थिति की जानकारी ली जाएगी। साथ ही धनराशि को विकास कार्य में खर्च किया जाएगा।

**-महेंद्र सिंह**, उप निदेशक पंचायत बरेली

## तटबंधों की मरम्मत का होगा निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** बरसात से पहले ही जिले के सभी बांधों की मरम्मत करने के निर्देश दिए गए थे। बाढ़ खंड ने तटबंधों की मरम्मत का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। मरम्मत कार्यों का जल्द ही निरीक्षण किया जाएगा और रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से उसहैत और कछला के हुसैनपुर बांध पर विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

जनपद के सभी नौ स्थानों को चिन्हित कर तटबंधों की मरम्मत का काम दो महीने पहले शुरू करा दिया गया था। बांधों की मरम्मत को शासन से करीब 20 करोड़ की धनराशि स्वीकृति हुई थी। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले ही बाढ़ खंड ने तटबंधों की मरम्मत शुरू करा दी थी। शासन स्तर से 15 जून तक मरम्मत कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए थे। बाढ़ खंड ने सभी नौ स्थानों पर एक साथ काम कराया। सभी तटबंधों की मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अब किसी भी दिन निरीक्षण किया जाएगा। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि तटबंध की मरम्मत पूरी हो चुकी है। संभावना है कि बारिश से पहले ही निरीक्षण कर लिया जाएगा। निरीक्षण की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

**गंगा का जलस्तर स्थिर, जल्द बढ़ने की उम्मीद :** पहाड़ों पर हुई बारिश के कारण गंगा में जलस्तर कुछ बढ़ा है, फिर भी जलस्तर अभी स्थिर है। जून के अंत में बारिश तेज होने से हरिद्वार, बिजनौर और नरौरा बैराज में पानी बढ़ जाएगा। उसके बाद गंगा में पानी छोड़ा जाएगा।

## सार-संक्षेप

### पीड़ित बच्ची के परिजनों को दिया न्याय का भरोसा



**कादरचौक।** आज कदरचौक के ब्लॉक के गांव में पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य पीड़ित के घर पहुंची 8 साल की पीड़ित बच्ची के परिवार से मुलाकात की, सांसद ने हर संभव मदद का भरोसा दिया साथ ही कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया है। जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई होगी, और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सांसद संघमित्रा मौर्य ने आश्वासन दिया कि परिवार वालों के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदना है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। संघमित्रा मौर्य ने कहा कि पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व सांसद धर्मेंद्र शाक्य, विधायक राजीव कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र कुमार राजपूत थाना अध्यक्ष उदयवीर सिंह मौजूद रहे।

### समस्याओं को लेकर अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**बदायूं।** विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने दास महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला सह संयोजक धर्मेंद्र बाहुबली ने प्राचार्य को बताया की कॉलेज के द्वारा प्रोस्पेक्टस शुल्क शैक्षिक वर्ष 2023-24 में 800 रुपये था। इस शैक्षिक वर्ष में अनुचित रूप से बढ़ाकर 1200 रुपये कर दिया गया है। जो कि छात्र हित में गलत है। बढ़े हुए शुल्क के साथ प्रोस्पेक्टस खरीदने में गरीब एवं निम्न वर्ग के छात्र असमर्थ हैं। जिसका संगठन विरोध करता है। कॉलेज द्वारा प्रोस्पेक्टस में की गई वृद्धि को वापस लिया जाए। जिला संगठन मंत्री विवेक जादौन ने कहा की अगर बढ़ी प्रॉस्पेक्टस शुल्क को कॉलेज वापस नहीं लेता है संगठन आन्दोलन करने के लिए विवश होगा। इस अवसर पर अक्षित, आदित्य, रजत, रजनेश, हिमांशु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संक्रामक रोगों से बचाव की दी जानकारी



**उसहैत।** नगर पंचायत कार्यालय पर आयोजित बैठक में संचारी रोगों की जानकारी दी गयी और संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। बैठक नगर पंचायत चेयरमैन नवाब हसन की अयक्षता में आयोजित की गयी। चेयरमैन ने कहा कि कस्बे में लोगों को संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपाय बताए जाएं। साफ सफाई से रहने को जागरूक किया जाए। पीएचसी पर तैनात डा. रजिया ने कहा कि संक्रामक रोग मच्छरों की वजह से फैलते हैं। कहीं पर भी जलभराव न होने दें। इस मौके पर अंजलि, फार्मासिस्ट मुकम्मिल, साकिब, रणवीर, रविंद्र कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में विकास पर होगी चर्चा

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला पंचायत में 29 जून को बोर्ड की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सदस्यों के नए प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही अधूरे कामों को लेकर चर्चा की जाएगी।

29 जून को जिला पंचायत सभागार में बोर्ड की बैठक होगी। बैठक के लिए जिला पंचायत प्रशासन ने पूरा मसौदा तैयार कर लिया है। बैठक की सूचना सदस्यों और संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा होगी अपर मुख्य अधिकारी सुरेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि बैठक को लेकर तैयारियां कर ली गई हैं। इसे लेकर सभी सदस्यों को सूचना भेज दी गई है।

# स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग देने वालों को किया सम्मानित

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद द्वारा गुरुवार शाम को अधिशासी अधिकारी डॉ. राजेश की अध्यक्षता में सुभाष चंद्र बोस ओपन जिम पार्क (वेस्ट टू वंडर पार्क) में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति, ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) एवं नगर के लोगों की उपस्थिति में जीरो वेस्ट थीम पर आधारित स्वच्छता समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पालिका का सफाई कार्य व होम कंपोस्टिंग आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट सहयोग देने वाले नगरवासियों को सम्मानित किया गया।



नागरिकों को सम्मानित करते अधिशासी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार।

अधिशासी अधिकारी डॉ. राजेश ने सभासदों व पालिका सफाई व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान करने वाले सफाई मित्र रितेश, आकाश, आनंद, मनवीर, बेचेलाल, सलोनी व नगर में सफाई व्यवस्था में सहयोग करने वाले नागरिक नसीम अहमद खां, लीना माहेश्वरी, सीमा माहेश्वरी, सोहित सोमानी, शोएब अली आदि को प्रशस्ति पत्र एवं फूल माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अंत में अधिशासी अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा आज आएंगे बदायूं, होगा भव्य स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **मोदी 3.0 में दोबारा केंद्रीय राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बदायूं आएंगे बीएल वर्मा**

**अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया केंद्रीय राज्यमंत्री बनने के बाद बीएल वर्मा पहली बार शनिवार को बदायूं आएंगे। जिले में जगह-जगह स्वागत समारोह होगा। मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। वह दिल्ली से सड़क से होते हुए आएंगे।



बीएल वर्मा, केंद्रीय राज्यमंत्री।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री शनिवार सुबह 9 बजे टीसीएल बबराला पहुंचेंगे। जहां से स्वागत शुरू होगा। जिसके बाद गन्नौर, जुनावई, जरीफनगर, दहगवां चौराहे, उस्मानपुर, नगला चोई, सहसवान नगर, खंदक, ज्वालापुर, कोलिहाई, मुजरिया चौराहा, तिगोड़ा, अथईया, हजरतगंज, भवानीपुर रोड, अंबेडकर चौराहा, मंडी समिति उझानी नगर, पंजाबी कॉलोनी होते हुए बदायूं बाईपास उझानी रॉड, जिरौलिया, रानी अवंती बाई लोधी तिराहा, बालाजी मंदिर उझानी रोड, बड़ी ज्यारत, लालपुर तिराहा, चामुंडा तिराहा के बाद पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य और सदर विधायक महेश गुप्ता के आवास पर आएंगे। फिर महाराणा प्रताप चौक, कचहरी रोड, इंदिरा चौक, पूर्व जिलाध्यक्ष हर प्रसाद सिंह पटेल के आवास, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल के आवास पर स्वागत होगा। शाम पांच बजे भाजपा कार्यालय पर स्वागत सभा होगी। यहां वह कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

## पेड़ से टकराई कार चार लोग घायल

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के बरेली-बदायूं हाईवे के निकट गांव विजय नगला के पास बरेली से बदायूं जा रही लग्जरी कार के चालक को नीद की झपकी आ गई, जिससे कार का संतुलन बिगड़ गया और कार सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराकर खाई में जा गिरी। कार में सवार बदायूं शहर के विशाल पुत्र अमोल चाणक्य, उनकी चाची, 6 वर्ष की पुत्री वैष्णवी, चालक नंदकिशोर निवासी गांव कठोली थाना सिविल लाइन घायल हो गए। पेड़ में टक्कर लगने से कार का एयरबैग खुल गया जिससे कार में सवार लोगों की जान बच गई। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# किसान दिवस में अधिकारियों ने सुनीं शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **विकास भवन में संपन्न हुआ किसान दिवस, बिजली कटौती पर किसानों ने जताई नाराजगी**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के बाद शुक्रवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन फीका रहा। मात्र 15 से 20 किसान ही इसमें शामिल हुए। जिसमें पांच से छह लोगों के द्वारा शिकायतें दर्ज कराई गईं। सबसे अधिक शिकायतें गन्ना भुगतान और बिजली विभाग से संबंधित थीं। जिनका जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

किसान दिवस मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। किसानों का कहना था कि जिले में गोशाला बनने के बाद भी संरक्षित पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। सरकारी नलकूप ठप पडे हैं, जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तालाब की खोदाई के नाम पर ग्रामीणों का शोषण किया जा रहा है। अंधाधुंध बिजली कटौती हो रही है। जिसकी वजह से किसानों को सिंचाई करने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने चीनी मिलों पर बकाया गन्ने का भुगतान कराने की मांग की। कहा कि पेराई सत्र समाप्त होने के बाद भी अभी तक गन्ने का बकाया भुगतान नहीं किया गया है। जिसे जल्द से जल्द किया जाए। जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि किसान दिवस में पांच से छह शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जिसमें दो शिकायतें गन्ना भुगतान, दो पशुपालन की थीं।




किसानों की समस्याएं सुनते सीडीओ केशव कुमार। ● अमृत विचार

खबरें पेज 7 व 8 पर...

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

School Education ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE Learn · Assimilate · Transcend BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm. BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Budaun Office : Qadir Market, Indira Chowk, Ph.: 9105050213
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 7417309873 | www.futureinstitutions.org

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing G.N.M. M.Sc. Nursing A.N.M. P.B.B.Sc. Nursing D.P.T.
College Code: 2430244 D.R. Optometry
ADMISSION OPEN D.Pharma M.Ed. D.M.L.T. B.Ed
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# शहर, कस्बों से गांवों तक योग ही योग, बच्चों से बड़ों तक में उत्साह

## स्वास्थ्य को लेकर गंभीर दिखे लोग, जगह-जगह किया आयोजन, कई तरह का योगाभ्यास कराया गया, जिला मुख्यालय के कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मंत्री ने लिया भाग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर से गांव तक योग दिवस की धूम रही। शुक्रवार को सुबह से ही कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। लोगों ने योग कर सेहत की संजीवनी हासिल करने का प्रयास किया। मुख्य कार्यक्रम प्रशासन की ओर से श्रीगणेश इंटर कॉलेज इंटर कॉलेज में कराया गया। इसमें प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री ने सहभागिता निभाई। इसके अलावा विभिन्न संस्थाओं के साथ ही तमाम संगठनों ने योग दिवस पर योग कराया।

जिले में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूर्ण उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह शहर के श्रीगणेश इंटर कालेज परिसर में हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप एवं पूर्व सांसद राजवीर सिंह सहित जनप्रतिनिधियों एवं नगर के सैकड़ों नागरिकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। पंतजलि समिति के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जेसी चतुर्वेदी सहित अन्य योगाचार्यों ने लोगों को योग कराया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारियों सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

पुलिस लाइन में एसपी अपर्णा रजत कौशिक के देख-रेख में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। पुलिस कर्मियों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। योगाचार्य डा. नरेश नंदन ने योगाभ्यास कराया। एएसपी राजेश कुमार भारती सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। लायंस क्लब कासगंज गोल्ड के तत्वावधान में बांकनेर स्थित बृज वाटिका पर योग दिवस मनाया गया। क्लब के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने योग किया। लायन अखिलेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अंकिश अग्रवाल, राजीव महेश्वरी, विकास अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, सौरभ सिंघल, मनीष अग्रवाल, विवेक बंसल, रजत अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सौरभ सिंघल, पीयूष गोयल, शैलेश गर्ग मौजूद रहे।

श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था द्वारा आर्ट ऑफ़ लिविंग सेंटर श्री श्री सदन कासगंज पर सुबह छह बजे से अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्ट ऑफ़ लिविंग टीचर राकेश कुमार अग्रवाल और एवं सरोज अग्रवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। आर्ट ऑफ़ लिविंग डीवोटी विशाल अग्रवाल द्वारा योग कराया गया। योग का प्रारंभ योग प्रार्थना के साथ किया गया योग के सभी आसान कराए गए। अवधेश प्रताप सिंह, विशाल अग्रवाल, मुकेश शर्मा, मनोज अग्रवाल, उत्कर्ष आर्य, राकेश गर्ग, भगवती अग्रवाल, केसी वार्ष्णेय, विमला गुप्ता, लीना गुप्ता, सारिका माहेश्वरी, सिंधु शर्मा, दुर्गेश वार्ष्णेय, रजनी गुप्ता, रेशु मौजूद रहे।



श्रीगणेश इंटर कॉलेज में योग करते पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद राजवीर सिंह, अधिकारी एवं कर्मचारी। ● अमृत विचार

### शहर में निकाली गई योग जागरुकता रैली



नगर पालिका से योग जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाते सीडीओ सचिन।

अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर में जागरुकता रैली निकाली गई। नगर पालिका परिषद से रैली का शुभारंभ सीडीओ सचिन ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह विधा विश्व भर में लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान भी योग को मान रहा है। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में योग को ढालकर स्वस्थ्य रहने की आहवान किया। नगर पालिका से प्रारंभ होकर रैली शहर के प्रमुख के बाजारों से होती हुई कार्यक्रम स्थल एसजी इंटर कॉलेज पर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### योग की भूमिका आसनों से कहीं अधिक है



पटियाली के भागवत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में योग करते साधक। ● अमृत विचार

**पटियाली।** कस्बा के श्री भागवत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में योग दिवस पर भाजनपा मंडल पटियाली के द्वारा योग का अभ्यास कराया गया। योग शिक्षक शिशुपाल सिंह राठौड़ और अम्बुज द्विवेदी ने योग अभ्यास कराया। प्रधानाचार्य योगेश कुमार कुलश्रेष्ठ ने कहा कि भारतीय योग पद्धति तथा शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण पर इसके गहन प्रभाव को मान्यता देती है। योग शिक्षक सतपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि योग केवल शारीरिक आसनों से कहीं अधिक है, क्योंकि यह स्वास्थ्य के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण है। जो श्वास व्यायाम, ध्यान और नैतिक सिद्धांतों को एकीकृत करता है। विद्यार्थी परिषद विभाग प्रमुख सौरभ दीक्षित ने आसान कराकर सभी का मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम संयोजक मंडल अध्यक्ष समर सिंह गौर, मंडल प्रभारी नरेंद्र परमार, आईटी सेल संयोजक अम्बुज द्विवेदी, डॉ शिवप्रताप सिंह, अवधेश पांडे, नरेंद्र बहादुर सिंह, शिशुपाल सिंह राठौड़, अवनीश दीक्षित, भास्कर मिश्रा, संजय माथुर, चेतन मौर्य, विमलेश सिंह चौहान, प्रदीप चौहान, पीयूष ओमकार दीक्षित, मिश्रा, विनोद कुमार मौजूद रहे।



शहर के श्रीश्रीसदन में योगाभ्यास करते साधक। ● अमृत विचार

### साधकों ने योग कर निरोग रहने का लिया संकल्प

**न्यौली।** योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगरिया मंडल द्वारा मिर्जापुर स्थित सेंट वीएन पब्लिक स्कूल पर मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने अनेक अभ्यास के साथ साथ पद्मासन, उत्थित पद्मासन, पश्चिमोत्तासन, पाद हस्तासन, भुजंगासन, सूर्यनमस्कार आसन, मंडूक आसन, समकोण आसन, नौकासन, ताड़ासन, धनुरासन, सेतुबंध आसन सहित कपाल भाती, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। शिविर में प्रमुख रूप से कार्यक्रम के प्रवासी जिला पंचायत सदस्य डा. विक्रम राजपूत, कार्यक्रम संयोजक अभय प्रताप सोलंकी, सहसंयोजक ओम सिंह सागर, ब्रह्मानन्द सोलंकी, मंडल महामंत्री सत्यवीर कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष विक्की बघेल, शक्तिकेंद्र संयोजक दुष्यन्त चौहान, राजकुमार कश्यप, कर्मवीर सोलंकी, हिम्मत सिंह मौजूद रहे।



सोरों के गांव न्यौली के सेंट वीएन पब्लिक स्कूल में योगाभ्यास करते लोग।

### योग भारत की सनातन परंपरा है : डॉ.दीक्षित

**सोरोंजी, अमृत विचार :** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पर तीर्थनगरी के हरि की पौड़ी स्थित पर्यटक आवास गृह में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आम नागरिकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास कर योग करो निरोग रहो का संदेश दिया। योगाचार्य डा.एनपी सिंह हल्दिया एवं डा.एनडी मौर्य ने योग की विभिन्न मुद्राओं में योग कराकर उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य डॉ राधाकृष्ण दीक्षित ने कहा कि सब मिलकर योग करें और वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ इस वैश्विक उत्सव के साथ जुड़ें। योग हमारी दैनिक जीवन शैली में सम्मिलित हो। कृष्णकांत वशिष्ठ, अनिल तिवारी, शिवांशु दुबे, मनीष शर्मा पंडा, संजय दुबे, संपूर्णानंद भारद्वाज, डा.रवि कांत गुप्ता, विनय तिवारी, विजय गोस्वामी, मयंक दोनेरिया, प्रदीप कश्यप, विशाल पाठक, हेमंत पंडित, सुधांशु वशिष्ठ, विष्णु देव राय मौजूद रहे। इसके अलावा सीएचसी सोरों पर भी योगा कराया गया। चिकित्सा अधीक्षक डा.मदन लाल, नवनीत वशिष्ठ, अशोक गौतम, सुमन, आकाश मौजूद रहे।



तीर्थ नगरी सोरों के पर्यटक केंद्र में योगाभ्यास करते उच्च शिक्षा आयोग के सदस्य डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित एवं अन्य साधक।



कासगंज के गांव भैंसोरा खुर्द में योग करते साधक। ● अमृत विचार



शहर के बृज वाटिका में योग करते लायंस क्लब गोल्ड के पदाधिकारी।



पुलिस लाइन में योगाभ्यास करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक एवं अन्य।

### करो योग रहो निरोग का संकल्प लेकर किया योग

**गंजडुंडवारा।** कस्बा में योग दिवस के अवसर पर मंदिर हनुमान गढी, नाथूराम सुशीला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में योग शिविर का आयोजन किया गया। साधकों ने अनलोम विलोम, कपाल भाति, भ्रामरी प्राणायाम, सूर्य नमस्कार सहित अनेक योग क्रियाए कर करो योग रहो निरोग का संकल्प लिया। नगर पालिका परिषद गंजडुंडवारा के कर्मचारियों ने कासगंज मे आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास किया। इस दौरान ईओ सुनील कुमार, लेखाकार श्री कांत शर्मा, कैशियर गंगा प्रसाद शाक्य, तसलीम, अनिल माथुर सूरज, वसीम मौजूद रहे। मंदिर हनुमान गढी में अशोक चौहान, राजकुमार सिंह, राजीव गुप्ता, राम प्रताप सिंह और नाथू राम सुशीला सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मे प्रबंधक मनमोहन अग्रवाल, प्रधानाचार्य गिरीश कुमार, उप प्रधानाचार्य केशव सिंह, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर राकेश चंद्र, अशोक उपाध्याय, अवधेश त्रिपाठी, नवीन द्विवेदी, अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप गुप्ता, राहुल उपाध्याय, सुधीर कुमार, प्राची मिश्रा, दीपिका वर्मा, रामनरेश, रवि गौर, राहुल देव मौजूद रहे।



गंजडुंडवारा के पिथनपुर माध्यमिक विद्यालय में योग करते बच्चे।

### सामूहिक रूप से किया अनुलोम-विलोम



अमांपुर के मक्खन लाल इंटर कॉलेज में योग करते साधक।

**अमांपुर।** कस्बा में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मक्खन लाल इन्टर कालेज परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य विपिन बिहारी अग्रवाल, सत्यवीर सिंह, परन्तप सोलंकी, गौरव गुप्ता ने लोगों को योग से होने वाले फायदे गिनाए। साधकों को भ्रामरी, ताड़ासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, सिंहासन, वक्रासन, गोरक्षासन, भुजंगासन, शवासन, मुक्तासन, भद्रासन आदि योग सहित विभिन्न योग आसन का अभ्यास कराया गया। प्रधानाचार्य रामजीलाल वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री संजय सोलंकी, नगर संघचालक राकेश पाराशर, जेई सुबोध चौहान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि शिव सिंह वर्मा, जेई सरदार निर्मल सिंह, धीरज गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजयप्रकाश गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष रूदप्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा दरवेश फौजी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, ब्रजेश सिंह राठौर, हरिकिशोर मिश्रा, जयप्रकाश, अनिल माहेश्वरी, विशनू वशिष्ठ, प्रवीन गुप्ता, पुष्पेंद्र राजपूत, शनिदेव गुप्ता, दीपक कुमार, सजय, सतीश कुमार मौजूद रहे।

### आज का मौसम

आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।

38° अधिकतम तापमान | 30° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.20 | सूर्यास्त 07.12

### शहर में आज

- आम आदमी पार्टी की बैठक अशोक नगर स्थित शिक्षा प्रकोष्ठ कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- कस्बा गंजडुंडवारा में धम्म यात्रा का आरंभ गांव गनेशपुर स्थित शाक्य छात्रावास से सुबह 11 बजे।
- बौद्ध कथा का आरंभ सहावर विकास खंड क्षेत्र के गांव रोशनगर में दोपहर एक बजे से।
- उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्वारा मांगों को लेकर ब्लॉकों पर प्रदर्शन एवं ज्ञापन दोपहर एक बजे से।

### एक नजर

#### पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने परिजनों को दी सांत्वना

**कासगंज।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी राजवीर सिंह की मां रामवती देवी का बीमारी के चलते 13 जून को निधन हो गया था। शुक्रवार को प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने उनके आवास गांव नगला बीच पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष खूब सिंह लोधी, जिला मंत्री कावेंद्र सिंह, जिला मंत्री राजीव यादव, भूप सिंह, धर्मवीर, रघुवीर मौजूद रहे।

#### सर्पदंश से दो युवकों की हालत गंभीर

**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदवा निवासी कमल सिंह पुत्र रघुवर दयाल शुक्रवार की सुबह नौ बजे खेत पर गए हुए थे। जब खेत में फसलों को देख रहे कि तभी उसे सर्प ने डस लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं दूसरी घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव नैमनी में हुई है। सर्पदंश से आकाश पुत्र हेम सिंह बेहोश हो गए। परिजनों ने द्वारा इन्हें भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

#### महिला ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन

**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव पचलाना निवासी संदीप कौर पत्नी जगदीप सिंह ने गृहक्लेश के चलते गुरुवार की रात घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां महिला का उपचार जारी है।

#### नहर में गिरे युवक को राहगीरों ने बचाया

**एटा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के समदपुरा निवासी जुगेन्द्र सिंह सहावर रोड स्थित जिरसिमी नहर में गिर गया। वह पानी में डूबने लगा और बचाने की मदद मांगने लगा। इसी दौरान पहुंचे दुर्गेश ने नहर में छलांग लगा दी और अन्य लोगों की मदद से जुगेन्द्र को निकाल लिया। पुलिस ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

## सफाई कर्मियों की समस्याओं का जल्द किया जाए समाधान

कार्यालय संवाददाता, कागसंज

- पंचायत राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन
- सीडीओ को संबोधित मांग पत्र डीपीआरओ को दिया

**अमृत विचार :** जिले में तैनात पंचायती राज सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। समस्याओं से संबंधित चार सूत्रीय मांग पत्र डीपीआरओ को देकर सीडीओ से समस्यसाओं को निराकरण की मांग की।

जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन देने पहुंचे कर्मचारियों ने सीडीओ से मांग की है कि जिले में तैनात ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की सभी जायज मांगों को अविलंब माना जाए। 150 सफाई कर्मचारियों को प्रथम एसीपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। एसीपी का बकाया एरियर का भुगतान कराया जाए। सफाई कर्मचारियों को मानक के अनुसार सफाई उपकरण दिए जाएं।



डीपीआरओ देवेंद्र सिंह को ज्ञापन देते सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि मांगों को नहीं माना गया तो कर्मचारी एक जुलाई से आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। संयुक्त मंत्री नदीम अख़्तर, जिला संप्रेक्षक कमल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुखबीर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सहावर खेतपाल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष कासगंज सत्यपाल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सिढपुरा दौलत सिंह, नेमसिंह, गिर्राज किशोर, राजकुमार, रूप किशोर, बैनीराम, संजय सिंह, जुगलेश कुमार, जयसिंह, राकेश कुमार, नेत्रपाल सिंह, रामकिशोर, गोलू, जितेन्द्र कुमार, विजय कुमार मौजूद रहे।

## ऑटो खंभे से टकराया कई श्रद्धालु घायल

**कासगंज, अमृत विचार:** ढोलना थाना क्षेत्र में कछला गंगा घाट से स्नान कर गांव लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर खम्भे से टकरा गया। ऑटो में सवार आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

जनपद हाथरस के थाना सिकंद्राराऊ क्षेत्र के गांव बिरावर निवासी 3राहुल पुत्र राधेश्याम और परिजन गंगा स्नान करने के लिए कछला गंगा घाट पर शुक्रवार को आए थे। गंगा स्नान कर वापस लौट गांव लौट रहे थे, तभी अथ्थैया चौराहे के समीप सिकंद्राराऊ की ओर से आ रही कार को बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकराया। ऑटो में सवार राहुल की पत्नी लक्ष्मी, पांच वर्षीय पुत्री आरोही, एक माह का पुत्र दक्ष व गांव अणु निवासी मुकेश उसकी पत्नी ललिता, ममता, गमा देवी घायल हो गए। थानाध्यक्ष अजयवीर सिंह ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## मैंने श्याम को बुलाया है वो आता होगा...

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अमांपुर के भामाशाह चौक पर हुई खाटू श्याम भजन संध्या

**अमृत विचार:** कस्बा के गुड़मंडी स्थित भामाशाह चौक पर हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा की भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। खाटू नरेश की जय, हारे के सहारे की जय के बीच देर रात तक भक्तगण बाबा के भजनों पर झूमते रहे। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

श्री खाटू श्याम बाबा का दरबार सुगंधित फूलों से सजाया गया। दरबार में दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का आरंभ किया गया। श्याम प्रेमियों ने बाबा की छवि एवं पावन ज्योति के दर्शन किए। कलाकार अभिजीत सक्सेना ने हनुमान की आराधना के साथ भजन संध्या का आरंभ किया। भोपाल से आईं गायिका गुंजन तिवारी एवं गुनगुन तिवारी ने मेरा सांवरिया आएगा, हो मेरा सांवरिया आएगा, मेरा आप की कृपा से सब काम हो रहा, करते हो तुम कन्हैया नाम हमारा हो रहा है। मुझे अपने ही रंग में रंग ले, मेरे यार सांवरे। मैंने श्याम को बुलाया है वो आता होगा, वो आता होगा पर श्रद्धालु खूब नाचे और पुष्पों की वर्षा की। बदायूं से आए घनश्याम भण्डारी ने ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है। दरबार सांवरिया ऐसे सजो प्यारो दयालु आपको भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। अन्य कलाकारों ने देर रात तक खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी।



बाबा खाटू श्याम संध्या में भजन गातीं कलाकार। ● अमृत विचार

समाज सेविका सुलोचना गुप्ता, दीपक गुप्ता चेयरमैन, पूजा गुप्ता, केशवदेव गुप्ता, भूरे गुप्ता, रमन गुप्ता, विजयप्रकाश गुप्ता, राजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुरेश गुप्ता, मीना चौहान, गीता गुप्ता, आकाश गुप्ता सर्राफ, शिवम गुप्ता, हर्ष गुप्ता, डिम्पल गुप्ता, प्रिन्स गोयल, चीकू सर्राफ, अवधेश स्वर्णकार, विकास दादा, अंशु गुप्ता, गौरव गुप्ता, सोनू गुप्ता, आयुष गुप्ता, पृथ्वीराज चौहान, सुखवीर चौहान, पवन गुप्ता, नवीन गुप्ता, कान्हा गुप्ता, अनमोल गुप्ता, अमित गुप्ता, मोनू गुप्ता, दीपा गुप्ता, शनि गुप्ता, देव गुप्ता, लारा गुप्ता, राहुल गुप्ता, सजीव गुप्ता, करन गुप्ता, आदित्य गुप्ता आदि भक्त मौजूद रहे।

# ईको की टक्कर से ई रिक्शा पलटा चालक और सवारी घायल

**कासगंज, अमृत विचारः** शहर के सोरों गेट ब्लॉक के समीप कछला गंगा घाट से स्नान कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ईको कार ने ई रिक्शा को ठोकर मार दी। जिससे ई रिक्शा पलट गया। रिक्शा चालक सहित एक छात्रा घायल हो गई।

कछला गंगा घाट से स्नान कर श्रद्धालुओ ईको कार में सवार होकर वापस अपने गांव जा रहे थे, इसी बीच पीछे तेज रफ्तार ईको कार ने ई रिक्शा में ठोकर मार दी। ठोकर लगने से ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। रिक्शा चालक राजू और अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव टोडरपुर निवासी मोहर सिंह की पुत्री निशा घायल हो गई। निशा घर जा रही थी। पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अशोक नगर स्थित सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। वहीं ईको कार को अपने कब्जे में लेकर सोरों गेट पुलिस चौकी पर खड़ा करा दिया है। इंस्पेक्टर रामवकील ने बताया ईको कार को अपने कब्जे में ले लिया है।


सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें

स्पीच थैरेपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# गंगेश्वर कॉलोनी में लगे कूड़े के ढेर, दुर्गंध कर रही बेहाल

## नाले-नालियों में उफना रही गंदगी, बरसात को लेकर चिंतित हैं लोग, नगर पालिका पर लगाया अनदेखी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचारः** शहर के गंगेश्वर कॉलोनी में जगह जगह पड़े कूड़े के ढेर और अटे पडे नालों से दुर्गंध निकल रही है। स्थानीय लोगों का घर से बाहर निकला दुश्वार हो गया है। मुहल्ले वासियों को संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बनी हुई है। बरसात में मुसीबत को लेकर चिंतित वाशिंदों ने नगर पालिका कर्मियों पर अनदेखी का आरोप लगाया है।

शासन के निर्देश पर जिले भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत लोगों को अपने घरों के साथ-साथ अपने आसपास में भी साफ सफाई करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शासन की ओर से जिला प्रशासन को छोटे से गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक हर जगह पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश हैं। इसके बावजूद शहर के लक्ष्मी टाकीज गंगेश्वर कॉलोनी इलाके में इसका पालन नहीं हो पा रहा है। कॉलोनी के लोगों को जीना दुश्वार है। नाले नालियां बुरी तरह से अटे पड़े हैं। पानी की निकासी की व्यवस्था न होने से मच्छर और अन्य रोगाणु पनप रहे हैं। साफ सफाई के अभाव में वाशिंदो को संक्रामक रोग के फैलने की आशंका सता रही है।


गंगेश्वर कॉलोनी में सड़क किनारे डाली जा रही गंदगी। ● अमृत विचार


सफाई न होने से गंदगी से अटा पड़ा नाला। ● अमृत विचार


गंदगी के ढेर और अटे पडे.नालों से संक्रामक रोगों के फैलने का भय बना हुआ है। नगर पालिका प्रशासन को नाले की सफाई करने और गंदगी के लगे ढेरों का समाधान कराना चाहिए। **- दुष्यंत यादव।**

गंगेश्वर कॉलोनी की साफ-सफाई के लिए नगर पालिका कर्मियों को निर्देशित कर दिया गया है। शीघ्र ही मुहल्ले की साफ-सफाई कराई जाएगी। नगर क्षेत्र को साफ सुथरा बनाना पालिका कर्मियों का कर्तव्य है। **-अमित कुमार ईओ**, कासगंज।


नगर पालिका के सफाई कर्मी मोहल्ले में साफ सफाई करने नहीं पहुंच रहे हैं जिसके कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। गंदगी से बदबू निकल रही है। जलभराव में मच्छर पनप रहे हैं। लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। **-प्रदीप गौड़।**


जिला प्रशासन द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है, इस मुहल्ले में साफ सफाई अभियान सिर्फ दिखावे तक ही सिमट कर रह गया है। सफाई न होने से मुहल्ले में गंदगी के अंबार लगे हैं। **-कमल कुशवाह, दुकानदार।**


पालिका के अधिकारी कर्मचारियों को गंगेश्वर कॉलोनी का निरीक्षण करना चाहिए हैं। कई बार पालिका कर्मियों से शिकायत भी गई, आज तक कोई जन प्रतिनिधि और अधिकारी देखने के लिए नहीं आया। **-ललित कुमार।**

# मानसिक मंदित के नहर किनारे मिले कपड़े, डूबने की आशंका


हजारा नहर में युवक की तलाश करते पीएसी के गोताखोर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **पीएसी के गोताखोर नहर में कर रहे युवक की तलाश**

**अमृत विचार :** 18 जून से लापता मंदबुद्धि युवक के कपडे मिलने से परिजनों ने हजारा नहर में गिरने की आशंका जताई है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की तलाश के लिए पीएसी के गोताखोरों को लगाया गया है।

शहर सोरों गेट स्थित गली सत्तार बाली बगिया निवासी अब्दुल सलाम ने बताया कि उनका भाई अब्दुल हकीम मंद बुद्धि है। वह कभी आरएस मॉल में वाहनों को हटवाता रहता था, कभी तहसील पर जाकर वाहनों को हटवाता रहता था। 18 जून से वह लापता हो गया। उसके कपड़े शुक्रवार को ततारपुर स्थित हजारा नहर के किनारे पडे मिले हैं जिससे आशंका जाहिर की जा रही है कि अब्दुल नहर में डूब गया है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों से पूछताछ की और युवक की तलाश के लिए पीएसी के गोताखोंरो को लगाया । इंस्पेक्टर रामवकील ने बताया कि परिजनों ने युवक की हजारा नहर में डूबने की आशंका जताई है। पीएसपी के गोताखोर स्टीमर के माध्यम से नहर में युवक की तलाश कर रहे हैं।

# टूटी पुलियों के निर्माण की मांग दिया ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन देते सपा प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी।

**गंजडुंडवारा, अमृत विचारः** सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पटियाली तहसील क्षेत्र में टूटी पड़ी कई पुलियों के जल्द निर्माण की मांग की। उन्होंने बताया कि टूटी पुलियों पर आए दिन राहगीर गिर कर चुटैल हो रहे हैं।

ज्ञापन में बताया कि गंगा कटान की वजह से आए सैलाब से ओम नगरिया से लेकर रामताल वाली सड़क पर पुलिया और सनौडी से नगला जयकिशन वाली सड़क पर टूटी पड़ी पुलिया लोगों के लिए हादसों का कारण बनी हुई है। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। सैकड़ों गांवों के लोग परेशान हैं। एसडीएम कुलदीप ने दोनों पुलियों का निर्माण करने का आश्वासन दिया।

# अब हूटर, प्रेशर हॉर्न बेचने वालों को रखना होगा खरीददार का ब्योरा

## मोबाइल सिम की तरह खरीददार का आधार लेना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** अब वाहन मलिक हूटर और प्रेशर हॉर्न मनवाने तरीके से नहीं खरीद सकेंगे । वाहनों की एसेसरीज की बिक्री करने वाले दुकानदार को खरीददार का पूरा ब्योरा रखना होगा। ऐसा न करने वाले दुकानदारों को परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त जांच का सामना करना पडेगा। वीआईपी कल्चर पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर वाहनों की संयुक्त जांच अभियान तेजी से चल रहा है।।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीआईपी कल्चर को समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। हूटर , प्रेशर हार्न, शीशों पर काली फिल्म सहित यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बाद परिवहन और पुलिस विभाग की टीमें लगातार चेकिंग अभियान चला रही हैं, लेकिन मनमाने तरीके से वीआईपी दिखने वाले वाहनों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। वजह वाहन एसेसरीज की दुकानों पर धड्ल्ले से हूटर, प्रेशर हार्न लग रहे हैं। शहर के मिशन नदरई गेट, बांकनेर इलाके में बड़ी संख्या में वाहन एसेसरीज की दुकानें हैं। परिवहन विभाग पुलिस टीम के साथ दुकानों को चिन्हित कर कार्रवाई करेगी।



- **पुलिस की मदद से परिवहन विभाग करेगा वाहन एसेसरीज की दुकानों की चेकिंग**

वाहनों की एसेसरीज बेचने वालों को निर्देश दिये गए हैं कि हूटर, प्रेशर हार्न खरीदने वालों के आधार कार्ड जमा कराएं, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मोबाइल सिम की तरह ही हूटर की बिक्री करें। **- आरपी मिश्रा**, एआरटीओ।

### तो वाहन स्वामी पर होगी कार्रवाई

वाहनो की एसेसरीज की बिक्री करने वाले दुकानदारों ने किसको हूटर बेचा है। उनका आधार व पहचान पत्र दिखाएं। इसके आधार पर देखा जाएगा कि संबंधित वाहन स्वामी अपने वाहन में हूटर लगाने का अधिकारी है या नहीं। यदि दुकानदार यह ब्योरा नहीं दे पाते हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। प्रदेश के परिवहन आयुक्त सुरेंद्र कुमार ने कहा है कि वाहन एसेसरीज वाले दुकानदारों से कहा है कि हूटर खरीदने वाले का मोबाइल सिम की तरह आधार कार्ड जमा कराएं। यदि ब्योरा उपलब्ध होगा तो अनाधिकृत खरीददार से हूटर जमा कराया जाएगा।

# खेतों में पराली न जलाकर खाद बनाएं किसान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



कलेक्ट्रेट कार्यालय में खरीफ गोष्ठी और किसान मेले में किसानों को जानकारी देते सीडीओ, एडीएम।

- **कलेक्ट्रेट सभागार में खरीफ गोष्ठी किसान मेले का आयोजन**
- **किसानों से एफपीओ बनाकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील**

**अमृत विचारः** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं किसान दिवस मेले का आयोजन हुआ। एडीएम राकेश पटेल और सीडीओ सचिन कुमार ने किसानों को खेतों में पराली न जलाकर खाद बनाए जाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एफपीओ बनाकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के आह्वान किया।

मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार ने बताया किसान एफपीओ का गठन कर सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाएं । जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। इस दौरान वैज्ञानिकों ने खेतों से फसल अवशेष के प्रबन्धन के साथ-साथ मेंड़ों की सफाई करना, गहरी जुताई करने की जानकारी दी। कृषि अधिकारी ने खरीफ उत्पादन की कार्य योजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जनपद में अभी भी काफी भूमि है, जहां खरीफ में कोई भी फसल नहीं उगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि धान फसल की सीधी बुवाई की जाती है। इस यंत्र के प्रयोग से धान की बुवाई के लिए नर्सरी तैयार करने या रोपाई करने की आवश्यकता नही होती है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी बीज गोदामों पर जिप्सम उपलब्ध है, जिस पर 75 प्रतिशत का अनुदान कृषि विभाग द्वारा दिया जाता है। सरसों, चना ,मसूर तथा गेहूं का बीज सभी गोदाम पर उपलब्ध है जिस पर 50 प्रतिशत का अनुदान है। किसान दिवस में अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल, जिला पशुचिकित्सा अधिकारी, जिला सहकारिता अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सिंचाई, विद्युत, कृषि विभाग के वैज्ञानिक, विभिन्न गांवों से आए किसान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए होगी प्रतिभा खोज परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **कक्षा छह से एमए तक के विद्यार्थी कर सकते हैं परीक्षा के लिए आवेदन**
- **परीक्षा में प्रतिभाशाली बच्चों का किया जाएगा राज्य स्तर पर चयन**

**अमृत विचारः** प्रतिभाशाली बच्चों को खोजने के लिए प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन कराया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरु हो गई। कक्षा छह से एमए तक के विद्यार्थी परीक्षा में सहभागिता करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उत्तर प्रदेश में अब संस्कृत भाषा को भी प्रदेश सरकार परवान चढ़ा रही है। संस्कृत पठन- पठान की रुचि बढाने के मददेनजर उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा 2024 कराने का निर्णय लिया है।परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग ने सार्वजानिक इंटर कॉलेज बाबूपुर खुशकरी का चयन किया गया है। परीक्षा के नोडल और प्रभारी प्रधानाचार्य लोकेंद्र देव आर्य ने बताया कि ऑन लाइन आवेदन शुरु हो गए हैं। इच्छुक कक्षा छह से लेकर एमए तक के विद्यार्थी upsanskritpratibhakhoj.com पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है, लेकिन अंतिम तिथि नहीं आई है। प्रदेश सरकार का उददेश्य है कि राज्य में संस्कृत को बढावा दिया जाए।

खबरें : www.amritvichar.com देखें


सहावर तहसील सभागार में बैठक करतीं एसडीएम कोमल पवार। ● अमृत विचार

# गांवों में साफ सफाई से ही दूर होंगे संचारी रोग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **एसडीएम ने स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ की बैठक**
- **एक से 31 जुलाई तक गांव- गांव चलाया जाएगा साफ सफाई अभियान**

**अमृत विचारः** जिले में एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर सहावर एसडीएम ने शुक्रवार को स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग के अलावा ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

सहावर तहसील सभागार में एसडीएम कोमल पवार ने ने बताया कि एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा।जिसमें सभी अधिकारी और कर्मचारी कर्तव्य निष्ठा के साथ काम करें। किसी भी कीमत पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक गांव की नालियों की सफाई कराई जाए। झाड़ियों का कटान किया जाए। जल की निकासी की जाए। हर गांव में इसकी व्यवस्था पूर्ण रूप से होनी चाहिए, तभी संचारी रोग खत्म होगा। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर लाइक अहमद ने समस्त विभागों के बैठक में पहुंचे अधिकारियों से सफल बनाने के लिए पूर्ण रूप से सहयोग मांगा। उन्होंने बताया कि सभी सम्मिलित विभागों ने विश्वास दिलाया कि इस बार संचारी रोगों को जड़ से मिटाकर रहेंगे।

# यशवर्धन ने उज्बेकिस्तान में एशियन जूजुत्सु चैंपिनशिप में जीता रजत पदक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के 16 वर्षीय खिलाड़ी यशवर्धन ने उज्बेकिस्तान के बुखारा में हुई एशियन जूजुत्सु चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है।

शहर के मुहल्ला नाथूराम निवासी राकेश बिड़ला एडवोकेट के नाती एवं रंजन बिड़ला के पुत्र यश वर्धन बिड़ला ने 14 से 17 जून तक उज्बेकिस्तान के बुखारा में हुई एशियन जूजुस्तु चैंपियनशिप 70 किलोग्राम में रजत पदक जीता है। परिवार के लोग यशवर्धन को मिली सफलता से खुश है। सत्यनारायण बिड़ला, अरविंद कावरा, सुनील दरक, दीपक गुप्ता, मनोज माहेश्वरी, प्रदीप सीए, डा. शशिलता चौहान, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे, सुरेश माहेश्वरी, राजीव कावरा, कृष्णमुरारी दरगढ़, गोपाल माहेश्वरी, संजीव पल्तानी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और 2024 के द्यअंत में स्पेन में आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दीं।


उज्बेकिस्तान के बुखारा में पदक मिलने के बाद राष्ट्रीय ध्वज के साथ यशवर्धन बिड़ला।

- **उज्बेकिस्तान के बुखारा में हुआ था आयोजन**

## एक नजर

### बाइक सवार पिता-पुत्र दुर्घटना में गंभीर घायल

कासगंज। कासगंज के मुहल्ला नवाब निवासी प्रवीण कुमार अपने पुत्र लकी अग्रवाल के साथ बाइक से आवास विकास स्थित अपनी किराने की दुकान पर जा रहे थे। उनकी बाइक सोरों मार्ग स्थित सुंदर नगर के समीप पहुंची, तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित मैक्स ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों द्वारा पिता पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पति की यातनाओं से परेशान विवाहिता ने फंदा लगाकर जान दी

अवागढ़, अमृत विचार: पति की यातनाओं से परेशान एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

अवागढ़ थाना क्षेत्र के कस्बा बसुंधरा निवासी अनिल कुमार ने बेटी शिवानी (22) की शादी 4 दिसंबर 2022 को क्षेत्र के गांव खेड़ा निवासी पंकज कुमार के साथ की थी। दो दिन पहले शिवानी भंडारे की दावत खाकर लौटी तो पति ने मारपीट की। पंकज की यातनाओं से परेशान होकर शिवानी अपने मायके आ गई। पिता अनिल ने बताया कि पति से परेशान शिवानी ने शुक्रवार को मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# तीन गांवों में चोरों का धावा, कई घरों से नगदी और जेवरात समेट ले गए

## एक ही रात में तीन गांवों में चोरी की वारदात कर पुलिस की मुस्तैदी की खोली पोल

संवाददाता, गंजडुंडवारा



गांव बरा में ताला तोड़ खोले गए संदूक और बिखरा पड़ा सामान।

**अमृत विचार :** गुरुवार की रात को गंजडुंडवारा के तीन गांव में चोरों ने तांडव मचाया। घरों में घुसे चोर नगदी सहित लाखों के जेवरात चोरी कर ले गए। एक ही रात में हुई तीन चोरी की घटनाओं से कोतवाली पुलिस सकते में है। सीओ ने घटना के खुलासे के लिए पुलिस की टीमें गठित की हैं।

नगला मंशा निवासी सुधीर कुमार पुत्र कलियान सिंह अपनी पत्नी के साथ अपने घर के एक कमरे में सो रहे थे। उनका छोटा भाई अरविंद कुमार अपनी पत्नी के साथ दूसरे कमरे में सो रहा था। तभी रात करीब 12:30 बजे कुछ आहट होने पर जब देखा तो पास के कमरे में सामान बिखरा मिला। सुधीर के अनुसार चोर उसने घर से एक सोने की जंजीर,सात अंगूठी, एक पैंडल और लगभग लाख छह हजार की नगदी ले गए हैं। शोर शराबा करने पर कुछ लोग भागते दिखाई दिए। उनके अनुसार चोरों के पास फोल्डिंग सीढी थी।

चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के ही गांव नगला वरा में सोनू के घर को अपना निशाना बनाया। सोनू अपने परिवार के साथ ऊपर छत पर सो रहा था। देर रात घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखे संदूक और अलमारी के ताले तोड़ लिए। उनमें रखे सोने के आभूषण और नगदी चोरी कर ले गए। सुबह जब गृहस्वामी सोनू सोकर उठा तो और कमरे में जाकर देखा तो संदूक और अलमारी के ताले टूटे पड़े थे। सामान बिखरा पड़ा था। सोनू के अनुसार चोर सोने की अंगूठी और 20 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए हैं। दो गांव में चोरी की घटना करने के बाद चोरों ने गांव नगला छेदा में भी धावा बोल दिया। चोरों ने गांव के सनोज पुत्र विपिन कुमार के मकान को निशाना बनाया। परिवार के सभी सदस्य छत पर सो रहे थे कि तभी रात दो बजे आहट हुई तो देखा कुछ लोग दीवार फांदकर भाग रहे थे। कमरे मे जाकर देखा तो वहां रखे बख्शे का ताला टूटा हुआ था। चोर उसमे रखी 20,000 रुपए , सोने की अंगूठी, पायल, कुंदनी, सोने के पैंडल पर हाथ साफ कर ले गए।

- सीओ ने घटना के खुलासे के लिए पुलिस की टीमें गठित कीं

"चोरों द्वारा विभिन्न गांवों में चोरी की घटना को अंजाम देने के संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है। जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही तीनों चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।
– विनोद कुमार, कोतवाली प्रभारी

### विद्यालय से चार गैस सिलिंडर व जरूरी अभिलेख चोरी

कासगंज, अमृत विचार : थाना सिढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बकाबली में 20 जून को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने विद्यालय के पांच कमरों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। प्रधानाध्यापिका सुनीता ने बताया कि चोर विद्यालय से 4 गैस सिलिंडर, 1 एलसीडी, 3 कट्टा गेंहू, 3 कट्टा चावल, रसोई का सामान और विद्यालय के कुछ जरूरी अभिलेख चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर प्रधानाध्यापिका ने तुरंत थाना सिढ़पुरा पुलिस को और विभागीय अधिकारियों को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली और जांच पड़ताल शुरू की। विद्यालय समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि गजराज सिंह और पूर्व प्रधान दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यालय में इस प्रकार की चोरी की घटना पहली बार हुई है, जिससे सभी हैरान हैं।

## तीन स्थानों से चोरों ने लाखों का सामान समेटा

**एटा, अमृत विचार:** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन स्थानों से अज्ञात चोरों द्वारा लाखों की चोरी कर ली। पीड़ितों ने अभियोग दर्ज कराते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

सुनील मिश्रा पुत्र आरएल मिश्रा निवासी डाक बगलिया ने बताया कि 4 जून की रात अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे 1 कुंटल जौ, 1 कुंटल, सरसों, डीएपी खाद की बोरी, 2 लोहे के पाइप, 25 किलो लेजम व 2 त्रिपाल चोरी कर लिए। जांच पड़ताल एसआई संजय सिंह कर रहे हैं।

दूसरी ओर जैथरा थाने में चरन सिंह पाल पुत्र रामदास निवासी बर्ना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 जून की रात चोर ने जेवरात और 22000 हजार रुपए चोरी कर लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर कोतवाली नगर में बृजेश कुमार पुत्र तालेवर सिंह निवासी भगीपुर ने अभियोग पंजीकृत कराया कि 17 जून की रात चोरों ने 2 गैस सिलेंडर, 1 एलसीडी, सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।

# मीडिया सेल, सीओ कार्यालय का एसएसपी ने किया उद्घाटन



कक्षों का उद्घाटन करते एसएसपी राजेश कुमार सिंह।

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने नवीनीकृत मीडिया सेल कक्ष, क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय कक्ष एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध कार्यालय कक्ष का फीता काटकर उदघाटन किया।

उद्घाटन उपरांत एसएसपी द्वारा नवीनीकृत कक्षों का निरीक्षण किया गया, कक्षों का नवीनीकरण उच्चकोटि एवं मापदंडों के अनुसार पाए जाने पर एसएसपी द्वारा सराहना की गई एवं मिष्ठान वितरित किया गया। सभी का उत्साहवर्धन किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विक्रांत द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर अमित राय, क्षेत्राधिकारी सकीट संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी (ट्रैफिक) महेश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम, पीआरओ राकेश सरोज मौजूद रहे।

### बालाजी मंदिर पर भागवत कथा आरंभ

एटा। शुक्रवार को श्री बालाजी मंदिर भूतेश्वर रोड एटा पर भागवत पुराण का शुभारंभ हुआ। मातृ शक्ति ने कलश सिरों पर रखकर नगर भ्रमण किया। भक्त भजनों पर झूमते नाचते श्री बालाजी मंदिर से कटरा मौहल्ला, ठंडी सड़क, पथवारी मन्दिर, दिनेश नगर होते हुए श्री बालाजी मंदिर पहुंचे और कथा के पहले दिन आरती कर प्रसाद ग्रहण किया।कथा व्यास सोनू लवानिया वृंदावन धाम वाले कथा करेंगे। कमेटी अध्यक्ष महेश चंद्र,कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता, साजन देव वार्ष्णेय, रंजीत वार्ष्णेय, सौरभ लाला, ब्रजमोहन आदि उपस्थित रहे।

## अगली बोर्ड बैठक तक भुगतान पर लगे रोक

**जलेसर अमृत विचार:** नगर पालिका सभासदों ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को एक ज्ञापन दिया दिया, जिसमें कहा कि एक वर्ष का समय हो चुका है, लेकिन नगर पालिका क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं कराया गया है और नहीं बोर्ड की बैठक की गई।

कहा कि सभासदों की उपेक्षा की जा रही है जिससे सभासदों में आक्रोश व्याप्त है। अगली बोर्ड बैठक न हो जाए तब तक कर्मचारियों का वेतन, गोशाला का भुगतान, डीजल का भुगतान ही किया जाए। अन्य किसी प्रकार के भुगतान पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा भुगतान किया गया तो बोर्ड के आदेशों की अवहेलना होगी। भुगतानों को वित्तीय अनियमितता समझा जाएगा। मांग करने वाले सभासदों में रोमेश बुंलेला, वीरेन्द्र कुमार, मो. फैसल, ललित वार्ष्णेय ,उत्साह भारद्वाज, आशा सिंह, आरजू बानो, नवीन कुमार, कन्हैया, रक्षा बाल्मीकि, देवेश शर्मा शामिल रहे।

# मारपीट में घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता, एटा

- मजदूरी के रुपए मांगने पर की गई थी मारपीट

**अमृत विचार:** सकीट थाना क्षेत्र में मजदूरी के रुपए मांगने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में घायल एक मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि घायल दो का उपचार चल रहा है।

घटनाक्रम के अनुसार सकीट क्षेत्र के गांव भगवतपुर निवासी वेद सिंह पुत्र ओमप्रकाश, ओमप्रकाश पुत्र अजुद्दी सिंह और विद्याराम मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। गांव का निवासी नानक चन्द्र पुत्र किशोरी सिंह राजमिस्त्री का ठेकेदार है। विद्याराम ने नानक के साथ बागवाला थाना क्षेत्र के गांव कंसुरी में बने सचिवालय पर काम किया था। 19 जून को विद्याराम ने अपनी मजदूरी के नानक से रुपए मांगे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसी बात पर रात के 11 बजे नानक ने राजेन्द्र सिंह दीमान सिंह, सुरजीत सिंह, प्रशांत कुमार के साथ मिलकर विद्याराम के साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए परिवार के वेद सिंह और ओमप्रकाश को भी जमकर पीटा।

इस घटना में वेदसिंह, विद्याराम और ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से हायर सेंटर रेफर कर दिए गए। उपचार के दौरान वेद सिंह की शुक्रवार को मौत हो गई, विद्याराम और ओमप्रकाश का उपचार जारी है। घटना के बाद आरोपित फरार हो गए।

# हजारों लोगों ने एक साथ किया योगाभ्यास

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में हजारों लोगों ने एक साथ योग किया। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने एटा में गोविन्द बल्लभ पंत स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने स्कूलों में योग कराए जाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि योग का हमारी दिनचर्या का मुख्य हिस्सा होना चाहिए।

पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि योग की जानकारी विद्यालयों में दी जानी चाहिए। हम अपने विद्यालयों में तो योग की क्रियाएं कराते ही हैं। बच्चे घर में भी अपने माता-पिता के साथ में योग की क्रियाएं करें, ऐसा मेरा लोगों से अनुरोध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 में इसको प्रारम्भ किया था, पूरे विश्व में आज योग को एक नई पहचान मिली है। अगर आधा घंटा हम योग के लिए समय निकालें तो अपने अंदर नया बदलाव महसूस करेंगे। विधायक मारहरा वीरेंद्र लोधी, एमएलसी आशीष यादव, जिला अध्यक्ष संदीप जैन, अलीगढ मण्डल की मंडलायुक्त चैत्रा वी, जिला अधिकारी प्रेम रंजन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार वाजपेयी, अपर जिला अधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश, उप जिला अधिकारी भावना विमल, बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी के अतिरिक्त अनेक अधिकारी और हजारों की संख्या में आम जन उपस्थित रहे।



योग दिवस में भाग लेते शिक्षा मंत्री, विधायक, एमएलसी, जिलाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

- बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह बोले-योग को बनाएं अपनी दिनचर्या का हिस्सा

## आईआईटी मद्रास के छात्र ने जहर खाकर दी जान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीएसी के पास रहने वाले नीरज सिंह ने बताया कि लाइट का काम करते हैं। उनका बेटा अभय प्रताप (20) परिवार के साथ ही रहता था। दो माह पहले अभय का दाखिला आईआईटी मद्रास में हुआ था। वह घर से ही ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई कर रहा था। गुरुवार देर रात अभय खाना खा कर सोने के लिए कमरे में चला गया। तभी लगभग 11 बजे अभय की तबीयत बिगड़ गई और जोर–जोर से चीखने लगा। इसके बाद उल्टी करने लगा। जब पूछताछ की तो उसने जहर खाने की बात कही। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी के मुताबिक, शव को परिजनों को सौंप दिया है। मामले में परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कॉर्पियो ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत

संवाददाता,संभल/सौंधन

- कैला देवी थाना क्षेत्र में नारंगपुर पुलिया के पास हुआ हादसा
- दूसरा गंभीर घायल, मोबाइल ठीक कराकर लौट रहे थे युवक

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र में खिरनी सौंधन मार्ग पर तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। दोनों युवक खिरनी से मोबाइल ठीक कराकर वापस गांव लौट रहे थे।

कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन की मिलक निवासी 20 वर्षीय मोंटी अपने दोस्त 22 वर्षीय दीप कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर मोबाइल की मरम्मत कराने के लिए खिरनी आया था। मोबाइल की मरम्मत कराने के बाद मोंटी व दीप बाइक पर सवार होकर वापस गांव लौट रहे थे। खिरनी सौंधन मार्ग पर नारंगपुर पुलिया के पास आदमपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कोर्पियो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। स्कार्पियों ने बाइक सवारों को इतनी जोर की टक्कर मारी की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और मोंटी व दीप बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर गए। लोगों ने पुलिस व एम्बुलेंस को हादसे की सूचना दी। दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया जहां 20 वर्षीय मोंटी को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दीप को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# अब ऑनलाइन लगेगा रोजगार मेला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कंपनी के अधिकारी संबंधित युवक से ऑनलाइन लेंगे इंटरव्यू
- रोजगार पाने के लिए संगम पोर्टल पर करना होगा रजिस्ट्रेशन

**अमृत विचार:** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा नई पहल की है। सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से लगने वाले रोजगार मेलों को अब ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए बेरोजगार युवाओं को संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। कंपनी के अधिकारी संबंधित युवक से ऑनलाइन इंटरव्यू लेंगे और रोजगार मुहैया कराएंगे। शासन की ओर से शुरू की गई नई व्यवस्था का क्रियान्वयन जुलाई माह से होगा। जिससे जिले के करीब 50 हजार से अधिक युवाओं को लाभ मिलेगा।

सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी सचिन सिंह ने बताया कि अब विभाग रोजगार मेलों का आयोजन नहीं करेगा। सीधे ऑनलाइन ही मेलों का आयोजन किया जाएगा। संगम पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ऑनलाइन ही इंटरव्यू लिया जाएगा। बताया कि युवा सरकारी व निजी संस्थानों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट व फार्मा इंस्टीट्यूट, डिग्री कॉलेजों का एकीकृत संगम रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। संस्थानों को पंजीकरण के साथ ही प्लेसमेंट सेल भी बनानी होगी। इसमें उनके संस्थान में अध्ययनरत अंतिम वर्ष के छात्र- छात्राओं का पंजीकरण कराया जाएगा। छात्रों के विवरण की पुष्टि के बाद पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होगी।

## गंज पालिका में भ्रष्टाचार का मुद्दा गरमाया, जांच शुरू

**गंजडुंडवारा।** गंजडुंडवारा नगर पालिका में जांच को पहुंचे विधुत विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार सविता,जल निगम के अधिशासी अभियंता सय्यद तारिक अली व उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार त्रिमल शिकायकर्ता सभासदों की मौजूदगी मे एटा रोड स्थित अमीर खुसरो स्कूल के पास स्थित नवनिर्मित नाले की बाउंड्रीबाल एवं कादरगंज रोड स्थित डंपिंग यार्ड मे कराए गए निर्माण कार्य की जांच को पहुंचे। ईटों के सैंपल संकलित किए। शिकायकर्ता सभासद इमरान,मनोज कुमार,अब्दुल कादिर आदि से सैंपल पर हस्ताक्षर करा सील कर दिया। विगत माह 11 सभासदों द्वारा कस्बे में जलभराव, निर्माण कार्यों मे घटिया सामग्री के प्रयोग सहित अनेक बिन्दुओं पर शिकायत अपर जिलाधिकारी से की थी। मामले की जांच करने हेतु जांच कमेटी की गठन किया गया था। एसडीएम प्रदीप कुमार त्रिमल ने बताया कि जांच को कमेटी के अन्य सदस्यो के साथ पहुंच निर्माण कार्यों को काटकर ईट्टो के सैम्पल संकलित किए गए।जिन्हे परीक्षण हेतु लैब भेजा जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता, जलेसर

- स्वस्थ जीवनशैली से शरीर को बीमारियों से सुरक्षित रखें: डीएम

**अमृत विचार:** जलेसर में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन मां सिया देवी कॉलेज आगरा मोड जलेसर में आयुष विभाग व योग ऑर्बिट फाउंडेशन के द्वारा किया गया। योग शिविर में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

उपजिलाधिकारी राजकुमार मौर्य ने बताया कि हर साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का उद्देश्य विश्व को योग के प्रति जागरूक करने एवं स्वस्थ जीवन शैली अपना कर शरीर को बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करना है। क्योंकि योग एक समग्र अभ्यास है जिसमें यम, नियम, के नैतिक आचरण एवं आसन, प्राणायाम, ध्यान, समाधि सम्मिलित है जिसे अपने जीवन में अपनाकर शारीरिक मानसिक बीमारी दूर कर व्यक्ति समग्र स्वास्थ्य की प्राप्ति करता है। योग प्रशिक्षक अनिल कुमार ने बताया की योग से शरीर स्वस्थ रहता है वही दवाओ से मुक्ति मिल जाती है योग के प्रति जागरूकता लाने के लिए आदर्श इंटर कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर नियमित शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जानकारी के लिए आदर्श इंटर कॉलेज में या फिर औषधि हॉस्पिटल दरगाह रोड पर संपर्क किया जा सकता है।

एसडीएम राजकुमार मौर्य, सीओ कृष्ण मुरारी, तहसीलदार राजीव, नायव तहसीलदार वंशिका सिंह, बीडीओ पीएस आनन्द, इंस्पेक्टर जलेसर आरके सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि संजीव वर्मा, सचिव मां सिया देवी कॉलेज अमीर सिंह, राम किशन, नोडल चिकित्साधिकारी डॉ.शबनम राजपूत, योग प्रशिक्षक अनिल कुशवाह, गुलवीर यादव, अजय मोहन शर्माडॉ ज्योति गौतम, आदि लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरे 2 पुत्र है – जिनका नाम क्रमशः 1. अमित कुमार राठौर 2. विमल कुमार राठौर है जिनमें से मैंने अपने पुत्र विमल कुमार राठौर को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उससे सारे रिश्ते समाप्त करते हुए अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई सरोकार नहीं होगा। तारा राठौर पत्नी ओमप्रकाश निवासी 226 बिलसंड़ा जिला पीलीभीत

**सूचना**
मेरे 2 पुत्र है – जिनका नाम क्रमशः 1. अमित कुमार राठौर 2. विमल कुमार राठौर है जिनमें से मैंने अपने पुत्र विमल कुमार राठौर को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उससे सारे रिश्ते समाप्त करते हुए अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई सरोकार नहीं होगा। **तारा राठौर पत्नी ओमप्रकाश निवासी 226 बिलसंड़ा जिला पीलीभीत**

**सूचना**
मैं अपना नाम पहले जगदीश कुमार सक्सेना लिखता था तथा अब मैंने उसे बदलकर जगदीश सक्सेना कर लिया है। भविष्य में मुझे अब जगदीश सक्सेना के नाम से जाना व पहचाना जाये। **जगदीश सक्सेना पुत्र श्री हरिओम सक्सेना नि. निरंजन कुंज कॉलोनी, पीलीभीत**

**REQUIRE DOCTOR**
Male B.A.M.S./M.B.B.S. Doctor at least 2 year experience, is required by 49 baded hospital in Puranpur. Interested Candidate may attend interview on 25th June 2024 at 11:00 am.
Contact: 7088187800, 9690733522, 8171181793
Send Rsume on E-mail: sanjaynursing@rediffmail.com
Sanjay Hospital, Near Gomti Gurudwara Puranpur Pilibhit Road, U.P.

**सूचना**
मेरे पुत्र अजय सिंह की मृत्यु हो चुकी है तथा मैंने अजय की पत्नी नीतू एवं उसके बच्चे को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **जागन सिंह पुत्र छुटटू सिंह निवासी ग्राम देवी तहसील आंवला जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## सड़क हादसों में छह लोग घायल

**एटा, अमृत विचार:** जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में मां-बेटा समेत छह लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

पिलुआ थाना क्षेत्र के ग्राम उमरायपुर के समीप बाइक सवार कमलादेवी पत्नी होडिल सिंह निवासी होरची थाना निधौलीकलां को कार ने टक्कर मार दी। बाइक बेटा चन्द्रपाल चला रहा था। इस दुर्घटना में मां बेटा घायल हो गया। दोनों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। दूसरी ओर कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव कासिमपुर के पास कार की टक्कर से क्षेत्र के गांव बहादुरगढ़ निवासी आशीष कुमार पुत्र विजय सिंह, विजयवीर सिंह पुत्र अमोद कुमार घायल हो गया। इसके अलावा हुए सड़क हादसे में जैथरा के गांव कठिंगरा निवासी लेखपाल सिंह पुत्र रामस्वरूप और अरविंद कुमार पुत्र सतेन्द्र सिंह घायल हो गया।

सब का मालिक एक है।
दुआ भी तक़दीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरु अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

# धूप में घर के बाहर आंखें खोलना भी हुआ मुश्किल

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** चटक धूप के तेवर और मौसम में बढ़ती गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। धूप भी इतनी तेज की बाहर निकलने पर पूरी तरह से आंखें खोलने में भी तकलीफ महसूस हो रही है। चिलचिलाती धूप में राहगीरों की बढ़ती प्यास बुझाने के लिए कई समाजसेवी लोग जगह-जगह प्याऊ लगाकर ठंडा पानी और शर्बत आदि भी राहगीरों को पिलाकर पुण्य कमा रहे हैं।

गर्मी असहनीय होती जा रही है। घर से निकलने पर चटक धूप आंखों में बुरी तरह चुभन पैदा करने लगी है। चटक तेज धूप के कारण लोगों को आई फ्लू की बीमारी भी चपेट में ले सकती है। यह सोचकर अधिकांश लोग आंखों पर चश्मा लगाकर ही बाहर निकलना मुनासिब समझ रहे हैं। साथ ही घर वापस जाने पर आंखों को स्वच्छ एवं ताजी पानी से कई बार छीटें मारकर धोना भी आदत में शामिल कर लिया है। यही नहीं लू के थपेड़े चलने के दौरान दोपहर को धूप में चल रहे नागरिकों को त्वचा झुलसने और पल-पल में गला सूखने की शिकायत हो रही है। लिहाजा इन लू के थपेड़ों से बचाव को लोग सिर पर कैप, गमछा अथवा तौलिया बांधने के अलावा छतरी लगाकर ही बाहर निकल रहे हैं।



चेहरों को दुपट्टों से ढककर निकलीं युवतियां। ● अमृत विचार

### ऐसे करें बचाव

- कैंप, गमछा, छतरी के साथ निकलें। चेहरा ढंककर चलें।
- नीबू शिकंजी का प्रयोग अधिक करें।
- हल्के रंग के कपड़े पहनें।
- धूप में चलने के बाद तुरंत ठंडा पानी न पीएं।
- यात्रा के दौरान खाली पेट न रहें। कुछ खा के ही पानी पीएं।
- तली हुई चीजों के सेवन से बचें।
- खुले में रखे कटे फल का सेवन न करें।
- गंदगी के बीच बिक रहे गन्ने का रस कदापि न पीएं।

## मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनान्तर्गत करें आवेदन

**एटा, अमृत विचार:** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनान्तर्गत माटीकला शिल्पकार एवम परम्परागत कारीगरों को परियोजना लागत -10.00 लाख तक बैंकों के माध्यम से माटीकला के उत्पाद बनाने हेतु ऋण स्वीकृत कराये जाते हैं। जिसमें पूंजीगत ऋण धनराशि पर 25 प्रतिशत मार्जिनमनी (सब्सिडी) के रूप में शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। माटीकला के इच्छुक शिल्पकार, परम्परागत कारीगर अपना आवेदन पत्र आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता सम्बन्धित प्रपत्रों सहित पर यथाशीघ्र ऑनलाइन अपलोड करें।

